Title: Need to take steps to provide proper power supply to farmers of Madhya Pradesh.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में किसानों को बिजली प्रदान नहीं की जा रही है जिससे रबी फसल की बुआई नहीं हो पा रही है। पूरे प्रदेश में किसान आन्दोलन कर रहे हैं। २० घंटे बिजली देने की बात थी लेकिन २४ घंटे में से मात्र चार-पांच घंटे बिजली दी जा रही है। रबी फसल की बुआई का समय लगभग निकल चुका है। आधे से अधिक जमीनें परती पड़ी हैं। वहां बुआई नहीं हुई है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि प्रदेश सरकार के रहमोकरम पर किसानों को छोड़ा नहीं जा सकता है। केन्द्र शासन को हस्तक्षेप करना चाहिए, आवश्यक कदम उठाना चाहिए और मध्य प्रदेश के किसानों को पर्याप्त बिजली की आपूर्ति कराने के लिए कोई कदम उठाने चाहिए।